हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 12 जुलाई 2024

06 जिला अस्पताल में सहायक प्रबंधक...



08 6411 हेक्टर कृषि भूमि में नहीं हुई बुआई सूखे में बोने...





### मुख्यमंत्री ने संभागीय बैठक में विधायकों के अनुरोध पर लिया किसान हित में निर्णय

# सरकार ने मानी किसानों की बात अब 8 के बदले खरीदेंगे 12 क्विंटल प्रति हैक्टेयर मूंग

**मूंग की खरीदी के विरोध में किसानों का आंदोलन गुरूवार को समाप्त हो गया। किसानों द्वारा मूंग खरीदी पिछले साल की भांति इस साल भी 16 क्विंटल प्रति हैक्टेयर खरीदी करने की मांग की जा रही थी। शासन ने किसानों की मांग को मानते हुए 12 क्विंटल प्रति हैक्टेयर खरीदी करने की मांग को मान लिया है।**





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम/इटारसी

मध्यप्रदेश सरकार अब समर्थन मूल्य पर 8 क्विंटल के बजाय 12 क्विंटल प्रति हेक्टेयर मूंग खरीदेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को विधायकों की बैठक में निर्देश भी जारी किए। शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने हरदा में इसकी घोषणा भी कर दी। इसके बाद भारतीय किसान संघ ने धरना भी समाप्त कर दिया।

सीएम हाउस के समत्व भवन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विधायकों की बैठक ली। इसमें भोपाल संभाग के सीहोर, रायसेन, विदिशा, राजगढ़ और नर्मदापुरम संभाग के बैतूल, हरदा और नर्मदापुरम जिलों के बीजेपी विधायक शामिल हुए।

बैठक में नर्मदापुरम जिले के विधायक विजयपाल सिंह ने सीएम को मूंग की प्रति हेक्टेयर 8 क्विंटल खरीदी का मामला उठाया। उन्होंने सीएम को बताया कि 16 क्विंटल प्रति हेक्टेयर के बजाय 8 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की खरीदी के आदेश से किसानों का नुकसान हो रहा है। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लिमिट 8 क्विंटल से बढ़ाकर 12 क्विंटल प्रति हेक्टेयर के हिसाब से खरीदी के निर्देश जारी कर दिए। बुधवार को ही केंद्र सरकार की ओर से एक खाते से दिनभर में 25 क्विंटल के बजाय 40 क्विंटल खरीदी के आदेश दिए थे। विदित हो कि जिले में किसानों द्वारा पिछले 8 दिनों से मूंग खरीदी को लेकर आंदोलन कर रहे थे। गुरूवार को पीपल चौक पर किसानों द्वारा आंदोलन समाप्त किया गया।

### जिले में समाप्त हुआ धरना

धरना स्थल पर भारतीय किसान संघ मध्य भारत प्रांत के संगठन मंत्री मनीष शर्मा धरना स्थल पर पहुंचे और लगभग 5 घंटे उन्होंने किसानों का धरने में साथ दिया शाम होते-होते भोपाल से सूचना प्राप्त होने के बाद क्रांति संगठन मंत्री ने मंच से घोषणा की सरकार ने किसानों की मांग मान ली है। संगठन मंत्री ने भारतीय किसान संघ की ओर से किसानों को मंच से घोषणा की इसके साथ ही उन्होंने किसने की आंदोलन को आगे बढ़ने से रोकते हुए और किसानों के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देने की उपलक्ष में मध्य प्रदेश सरकार को साधुवाद भी प्रेषित किया।आज धरना स्थल पर डो ललिया तहसील के तहसील स्तरीय पदाधिकारी तहसील अध्यक्ष बदामी लाल साद मंत्री महेश दुबे जिला उपाध्यक्ष राजकुमार बेस श्रवण पाल ललित सिंह चौहान मनमोहन को गोब रेले कन्हैया चौरे राजेश यादव विष्णु लोवशी के साथ ही जिले के संभाग के प्रांत के पदाधिकारी सूरज वाली जाट जगदीश पाटील ओम प्रकाश उपाध्याय रजत दुबे श्याम शरण तिवारी मीडिया प्रभारी नरेंद्र गौर उपस्थित थे आज धरना स्थल पर मिसरोद की विनायक भजन मंडली संदीप गौड़ के नेतृत्व में उपस्थित रही।

### मप्र सरकार किसानों के साथ है : मंत्री उदय प्रताप सिंह



शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह भारतीय किसान संघ का धरना समाप्त करवाने हरदा पहुंचे। इस दौरान मंत्री ने कहा कि किसान की प्रतिदिन की मूंग खरीदी की लिमिट 25 क्विंटल से बढ़ाकर 40 क्विंटल करने पर भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सहमति दे दी है। प्रदेश सरकार किसानों की आय और कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए संकल्पित है। उपज की खरीदी के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में लगातार वृद्धि की जा रही है। पहले से ज्यादा फसलों का उपार्जन किया जा रहा है। इसके बाद मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी ने मंच से किसानों का बीते आठ दिन से जारी धरने को समाप्त करने की घोषणा की।

# जिला अस्पताल में एमएलसी कराने पहुंचे युवक आपस में भिड़े, स्टाफ से की झूमाझटकी

### मारपीट में 6 लोग घायल, 2 घायलों को ज्यादा चोट आई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में एमएलसी (मेडिको लीगल केस) चेकअप कराने पहुंचे दो पक्ष आपस में भिड़ गए। अस्पताल में रखे ग्लूकोज ड्रिप स्टैंड और स्टूल से एक-दूसरे को पीटा, लात-घूंसे भी चलाए। डॉक्टर और पुलिसकर्मी रोकने आए तो उनसे भी झूमाझटकी की। कोतवाली थाने से पुलिस बल अस्पताल पहुंचा, इसके बाद झगड़ा शांत हो सका। मारपीट में 6 लोग घायल हुए हैं। 2 घायलों को ज्यादा चोट आई है। मामला बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात 12 बजे का बताया जा रहा है।

एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जो इसी झगड़े का बताया जा रहा है। इससे पहले दोनों गुटों के बीच शहर के सिग्नेचर रिसॉर्ट के बाहर झगड़ा हुआ था। दोनों पक्ष थाने पहुंचे, यहां से घायलों को एमएलसी के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया था। मारपीट में दोनों पक्षों से ऋषि सराठे, सौरभ संतोरे, सौम्य मिश्रा, बंटी शर्मा, भारत जाटव और आसिफ घायल बताए जा रहे हैं।

पहले चाकू मारा, फिर अस्पताल में भी मारपीट की

घायल भारत जाटव ने बताया, 'सोनू शर्मा, बंटी शर्मा, अमित शर्मा समेत अन्य लोगों ने मुझे चाकू मारा, फिर भाग गए। ये घटना सिग्नेचर रिसोर्ट के सामने की है। तब मैं अकेला था। जब हॉस्पिटल आया तो मेरे साथ ऋषि सराठे, आसिफ थे। इसी समय बंटी शर्मा, शुभम शर्मा, संतोष अस्पताल पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी।'

### पुलिसकर्मियों से भी की झूमझटकर

दूसरे पक्ष से घायलों के परिजन अशोक का कहना है कि जिस समय अस्पताल में चेकअप चल रहा था, उसी समय ऋषि सराठे समेत 20 से 25 लोग अस्पताल के अंदर आए और मारपीट करने लगे। झगड़ा करने वालों ने डॉक्टर, पुलिसकर्मियों के साथ भी झूमाझटकी की। उन्होंने बताया कि घायलों में उनका एक भतीजा और एक भांजा शामिल है।

### पुलिस जुटी में जांच खंगाल रही कैमरे

सामने आए सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि एक पक्ष इलाज के लिए इमरजेंसी वार्ड में बैठा हुआ है। इतने में दूसरा पक्ष भी इलाज कराने अस्पताल पहुंचता है। पुलिस, डॉक्टर और नर्स भी इमरजेंसी रूम में हैं। इसी बीच दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। पुलिस इस वीडियो की जांच कर रही है।

## वेतन नहीं मिलने से अतिथि शिक्षक परेशान

**नर्मदापुरम।** जिले के अतिथि शिक्षक वेतन नहीं मिलने से परेशान है। जहां एक ओर विभाग द्वारा आबंटन जारी किया गया है परंतु आला अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं इस संबंध में सुचिता चौहान जिला अध्यक्ष आजाद अतिथि शिक्षक संघ ने बताया कि कई दिनों तक लोक शिक्षण संचनालाय के सामने प्रदर्शन करके आवंटन जारी करवाया जो लोक शिक्षण संचनालय द्वारा अतिथि शिक्षकों के मानदेय का आबंटन 26 जून को ही जारी कर दिया पर नर्मदापुरम के अतिथि शिक्षकों के वेतन की अधिकारियों को सुध ही नही। इस संबंध में अधिकारियों से पुछने पर कोई जवाब नही दिया जाता। लगातार 3 सप्ताह से यही आश्वस्त किया जा रहा है के दो चार दिन में हो जायेगा। ऐसे में अतिथि शिक्षकों को हर दिन गुमराह किया जाता पर अभी तक वेतन नही दिया अतिथि शिक्षकों के वेतन के अतिरिक्त अधिकारियों को सब काम जरूरी लगता है। छह महीनों के इंतजार के बाद जब आवंटन आया था तो उम्मीद जगी थी कि अब वेतन मिल जाएगा। अतिथि शिक्षक पहले से ही सरकार की गलत नीतियों से प्रताड़ित है ऊपर से बिना वेतन के जीवन यापन कर रहे है आर्थिक एवं मनसिक रूप से परेशान है।

# कार्रवाई : आबकारी विभाग ने जब्त की 8 हजार से अधिक की अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश ग्वालियर के अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाकर कार्यवाही के निर्देश के अंतर्गत गुरूवार की शाम को कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में मुखबिर से सूचना मिलने पर वृत औद्योगिक क्षेत्र इटारसी में ग्राम रेसलपुर में पुलिया के पास खड़े दो संदिग्ध व्यक्तियों के कब्जे में रखें हुए दो बैगो की तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर दोनों बैगो में रखें विदेशी मदिरा (पावर 10000) बीयर के 48 केन जप्त कर, दोनो आरोपियो तरुण पिता सुरेश कहार निवासी जुमेराती, नर्मदा पुरम एवं अर्जुन पिता गंगाराम जाटव निवासी बीटीआइ के पास, नर्मदापुरम के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा34(1) के तहत प्रकरण कायम किये गये।आबकारी *व्रत नर्मदा पुरम ए टीम के द्वारा तलाशी कार्रवाई के दौरान कोठी बाजार क्षेत्र* में तलाशी लेने पर आरोपी किरण पति सौरभ मंसूरिया से 5 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त किया कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 का के अंतर्गत प्रकरण बनाया गया।

गुरूवार की कार्यवाही में जप्त शराब की कीमत लगभग 8,300 रुपए आंकी गई है। उक्त कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक राजेश साहू, वासुदेवाचार्य त्रिपाठी आरक्षक राजेश गौर एवं दुर्गेश पठारिया शामिल रहे। आबकारी विभाग नर्मदापुरम द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान के अंतर्गत निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

# नाले का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करे निर्माण एजेंसी : नपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आनंद नगर स्थित नाले का दोबारा निरीक्षण नपाध्यक्ष नीतू यादव द्वारा किया गया। उन्होंने धीमी गति से चल रहे कार्य को लेकर नाराजगी व्यक्त की तथा उन्होंने कार्य को तेजगति से एवं गुणवत्तापूर्ण किए जाने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिए। उन्होंने सब इंजीनियर महेंद्र सिंह तोमर, आयुषी रिछारिया को निर्देशित करते हुए कहा कि नाला निर्माण कार्य को जल्द से जल्द कराएं जिससे यहां के निवासियों की जलभराव की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने वहां पाइप लाइन से निकल रहे पानी की जानकारी ली और उसे तत्काल बंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने आदमगढ़ रेलवे पुलिया का निरीक्षण किया उसमें भरे पानी की निकासी का भी हल ढूंढने के निर्देश सब इंजीनियर्स को दिए। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से चर्चा कर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। ध्यान रहे कि वार्ड 17 और 28 में स्थित आनंद नगर स्थित नाले का निर्माण किया जा रहा है। जिससे पीली खंती, प्रोफेसर कालोनी, शांति नगर, मीनाक्षी चौक आदि अन्य कालोनी के लोगों को राहत मिलेगी।

# बौद्धिक विकास की दिव्यांगता वाले बच्चों को शिक्षित करने हेतु शिक्षकों का हुआ प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



लोक शिक्षण संचालनालय एवं शासन के निर्देशानुसार समावेशी शिक्षा पर आधारित शिक्षकों के प्रशिक्षण का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के तत्वाधान में शासकीय एसएनजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 9 जुलाई से जारी इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों जैसे शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकास की दिव्यांगता वाले बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ शिक्षित करने हेतु शिक्षकों का उन्मुखीकरण किया गया।

इस प्रशिक्षण का आयोजन विकासखंड वार दो ग्रुप बनाकर दिया जा रहा है जिले के 168 विद्यालयों से प्रथम समूह में नर्मदापुरम, सिवनी मालवा, बनखेड़ी तथा द्वितीय समूह में माखननगर,सोहागपुर, पिपरिया विकासखंड के प्रतिभागी शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। यह प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर प्रशांत भदौरिया, शाहिला खान, रामसागर प्रजापति द्वारा विभिन्न सत्रों में दिया गया। इस समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण के जिला समन्वयक अखिलेश पाठक हैं साथ ही एम आर सी अर्चना यदुवंशी तथा हर विद्यालय में समावेशी शिक्षा के नोडल तैयार किए जायेगे जो हर विद्यालय में सहगामी रूप से इन विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा में महत्वपूर्ण कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सहायक परियोजना अधिकारी राजेश गुप्ता, जिला आई टी सेल समन्वयक सुनील सायलवार, हरवीर गौर शामिल हुए।

# सड़क हादसे के 6 घायल युवकों से मिले सांसद, जाना हालचाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



गुरुवार को राज्यसभा सांसद एवं भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया, नव निर्वाचित संसद दर्शन सिंह चौधरी , डॉ राजेश शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष माधव अग्रवाल ने नर्मदा अस्पताल पहुंचकर सड़क हादसे में घायल पांच युवकों व उनके परिजनों से मुलाकात की। एक-एक मरीजो से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली साथ ही डॉक्टरो को बेहतर उपचार हेतु निर्देश दिए। इस दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई थी। साथ नारोलिया ने ईश्वर से मृतकों की आत्मा को शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस असीम दुःख को सहने का संबल प्रदान करें। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना है। दुर्घटना के बाद घायलों को नर्मदा अस्पताल में भर्ती किया गया है। जिसमें करेली निवासी आयुष शर्मा (23) वेंटिलेटर पर है। पिपरिया निवासी ऋषभ चौरसिया भी ऑक्सीजन सपोर्ट पर है। पिपरिया के आदर्श चौरसिया, (24) हर्षित विष्कर्मा (24) और मयंक सोनी (19) निवासी करेली, का इलाज चल रहा है।

### बच्चों से विशेष गतिविधि कराने किया गया नवाचार

# 2 सौ शंखों के नाद से गूंजा समेरिटंस परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था समेरिटंस शिक्षा, संस्कार और सनातन के उत्थान की दिशा में आए दिन नवाचार करती ही रहती है। हाल ही में चक्कर रोड मालाखेड़ी स्थित सांदीपनी परिसर के प्राइमरी विभाग द्वारा बच्चों से विशेष गतिविधि कराई गई। जिसकी चर्चा पूरे नगर में है। इस गतिविधि में प्राइमरी कक्षाओं के दो सौ से अधिक बच्चों ने एक साथ शंख नाद किया। जिससे पूरा परिसर गूंज गया।

इस संबंध में प्राइमरी प्रभारी में श्रीवास्तव ने बताया कि कक्षा पहली से पांचवीं तक के सभी बच्चों को सुबह की प्रार्थना सभा में शंख लाने के लिए खा गया है। विद्यालय के अधिकांश बच्चे शंख लेकर विद्यालय आ रहे हैं। सुबह नियमित प्रार्थना के बाद बच्चों से शंख बजवाया जा रहा है। कई बच्चे जो अभी तक शंख बजाना नहीं जानते थे, वे शंख बजाना सीख चुके हैं। इस गतिविधि में बच्चों को बहुत आनंद आ रहा है।



### नहीं होंगे स्वांस रोग

इस संबंध में पंडित अखिलेश केशवरे का कहना है कि नियमित रूप से शंख बजाने से व्यक्ति के फेफड़े स्वस्थ होते हैं। स्वांस रोग से छुटकारा मिलता है। इस बात को अब विज्ञान भी मान चुका है। साथ ही शंख से निकलने वाली ध्वनि से आसपास के वातावरण में मौजूद हानिकारक कीटाणु भी नष्ट हो जाते हैं और वातावरण स्वस्थ हो जाता है। व्यक्ति को नियमित रूप से शंख बजाना चाहिए।

इस बारे में समेरिटंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डा आशुतोष शर्मा और प्राचार्य प्रेरणा रावत ने कहा कि बच्चों में सनातन संस्कार पैदा करने और उन्हें अध्यात्म की ओर ले जाने के लिए विद्यालय में नियमित रूप से इस प्रकार की गतिविधियां संचालित की जाती हैं।

# आरटीओ के जांच दल ने की स्कूली बसों की जांच





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

परिवहन आयुक्त, संभाग आयुक्त तथा कलेक्टर के निर्देशानुसार आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा पोवारखेडा तथा इटारसी स्थित सीएम राइज स्कूलो का निरीक्षण किया गया। जिसमे स्कूल संचालक तथा बस संचालक की उपस्थिति में बसों की परिवहन अधिनियम के नियमानुसार बसों की कमी से अवगत कराते हुए जांच की गई तथा बस ट्रांसपोर्ट संचालक को सभी परिवहन नियमों से अवगत कराते हुए बसों में सुधार करने को कहा गया। जांच में कुल 4 बसों में कमी पाए जाने पर 11000 हजार की चालानी कार्यवाही की गई, तथा 1 स्कूल बस एमपी 04 पीए 1501 का फिटनेस निरस्त किया गया जिसे ठीक स्थिति में करवाकर आरटीओ कार्यालय आकार पुनः फिटनेस कराने को कहा गया, आरटीओ अधिकारी ने बताया कि स्कूलों में संचालित होने वाले सभी छोटे बड़े वाहनों को लगातार जांच किया जा रही है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस कर्मचारियों ने रोपे 70 पौधे

**शाहपुर।** पुलिस विभाग ने लगभग 70 पौधे लगाए। 30 पौधे यहां पर जगह नहीं होने के कारण अन्य जगहों पर लगाए जाएंगे। एसडीओपी मयंक तिवारी ने बताया की गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधों का रोपण किया गया। पौधों का रोपण पुलिस विभाग के कर्मचारी अधिकारी और उनके परिवार के साथ नगर परिषद के अधिकारी, अध्यक्ष, वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया। और उन्होंने बताया कि इस समय ग्लोबल वार्मिंग और प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक महत्वपूर्ण कार्य आज सभी के सामने पौधा लगाने का है क्योंकि पौधे ही प्रकृति को संभालते हैं। और उन्होंने बताया कि इन पौधों को लगाने के साथ-साथ उन्हें बड़ा करने का संकल्प भी लिया गया है। इन पौधों की देखे रेख करते रहेंगे।

### कस्तूरबा गांधी हॉस्टल में रोपे फलदार पौधे

**शाहपुर।** एक पेड़ मां के नाम अभितयान में कस्तूरबा गर्ल्स हॉस्टल की अधीक्षिका लता चौधरी ने बताया कि उन्होंने हॉस्टल में लगभग 10 पौधे आम जामुन आदि के लगाएं। फूल पत्ती के लगभग 50 पौधों का प्रांगण में रोपण किया गया। उन्होंने बताया कि एक पौधा मां के नाम लगाने में उन्हें वास्तव में बहुत ही ज्यादा सुखद अनुभूति प्राप्त हुई है। वह ऐसे सुंदर प्रकृति का साथ देने वाले कार्य को हमेशा करती रहेंगी। उन्होंने इन पौधों को अपनी देखरेख में बड़ा करने का संकल्प भी लिया है। सभी से अनुरोध भी किया है कि एक पौधा मां के नाम जहां पर भी आप निवास करते हैं जहां पर भी आप कार्य करते हैं अवश्य लगाएं। और उसकी देखरेख करें उसे हरा भरा करें, प्रकृति को सुंदर हरी भरी सहयोग में भागीदार बने।

### पाठई में सरपंच ने किया पौधरोपण

**शाहपुर।** ग्राम पंचायत पाठई के पी एम श्री एकीकृत हाई स्कूल पाठई मे पौधरोपण किया गया। 5 पौधे हाई स्कूल में 10 पौधे ग्राम पंचायत पाठई मे एवं 6 पौधे घाट निर्माण निशाना नदी पाठई में रोपे गए। पौधों को पालने की शपथ भी ली। ग्राम पंचायत पाठई के सरपंच कमल उईके और उनके सहयोगी ग्रामीण और पंचगण भी उपस्थित रहे। साथ में शाला के शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने भी पौधरोपण में सहयोग प्रदान किया। सभी ने कहा कि हम पौधों को पालने का संकल्प लेते हैं। पानी,खाद, सुरक्षा सभी का ध्यान रखते हुए बढ़ा करेंगे।

### पाठई में सरपंच ने किया पौधरोपण

**शाहपुर।** ग्राम पंचायत पाठई के पीएम श्री एकीकृत हाई स्कूल पाठई मे पौधरोपण किया गया। 5 पौधे हाई स्कूल में 10 पौधे ग्राम पंचायत पाठई में एवं 6 पौधे घाट निर्माण निशाना नदी पाठई मे रोपे गए। पौधों को पालने की शपथ भी ली। जिसमें मुख्य रूप से ग्राम पंचायत पाठई के सरपंच कमल उईके और उनके सहयोगी ग्रामीण और पंचगण भी उपस्थित रहे। शाला के शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने भी पौधरोपण में सहयोग प्रदान किया। सभी ने कहा कि हम पौधे पालने का संकल्प लेते हैं। पानी, खाद, सुरक्षा सभी का ध्यान रखते हुए बढ़ा करेंगे।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**सीहोर।** नगर के गंज में 27 वर्षीय महिला ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार वर्षा पति कपिल सोनी निवासी गंज ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। महिला की एकवर्ष के लगभग की बेटी भी है। एकाएक उसने फांसी किस कारण से लगाई, पुलिस इसकी जांच कर रही है। वहीं इसके पीछे घरेलू विवाद बताया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने फांसी पर झूलते हुए वर्षा के शव को नीचे उतारा।

### सुपर स्टार डांस काम्पटिशन 14 को

**सीहोर।** नगर की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से नगर के भोपाल नाका मुरली रोड पर स्थित ब्लु स्टार के सभागार में भव्य व विशाल सुपर डांस काम्पटिशन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नगर की

---

### जिनके जिम्मे अस्पताल की देखरेख, वही ड्यूटी से गायब

# जिला अस्पताल में सहायक प्रबंधक तो नियुक्त पर व्यवस्थाएं नहीं सुधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



राज्य शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने हर जिला चिकित्सालय की देखरेख के लिए एक सहायक प्रबंधक की नियुक्ति की है। इनके जिम्मे अस्पताल की साफ सफाई समेत देखरेख और इलेक्ट्रिक आडिट फूड सेफ्टी आडिट, बायोमेडिकल वेस्ट सर्टिफिकेशन समेत अन्य जिम्मेदारियां, लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि जिला चिकित्सालय में पदस्थ सहायक प्रबंधक शिवेंद्र अंबुलकर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहे हैं। कई दिनों तक वे अस्पताल ही नहीं पहुंच रहे हैं, इससे व्यवस्थाएं लड़खड़ा रही है।

राज्य शासन द्वारा जिला चिकित्सालय में सहायक प्रबंधक के रूप में अंबुलकर को नियुक्त किया गया है। राज्य शासन ने इन्हें सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक और शाम 5 से 6 बजे तक अस्पताल में रहकर अस्पताल में संचालित समस्त गतिविधियों की निगरानी करने और समीक्षा के निर्देश दिए हैं। दैनिक निरीक्षण की जानकारी अलग से रजिस्टर में अद्यदितित कर नियमित रूप से शासन को अवगत कराना है। अस्पताल में पाई गई कमियों को तत्काल सुधारने और मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं को भी देखना है।

#### आदेश की परवाह नहीं

राज्य शासन ने नियमित रूप से अस्पताल के निरीक्षण के लिए सहायक प्रबंधक की नियुक्ति तो कर दी है, लेकिन बैतूल में हालात दूसरे हैं। कई दिनों तक सहायक प्रबंधक व्यवस्थाओं का जायजा लेने अस्पताल नहीं पहुंचते हैं। सूत्रों ने बताया कि अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जगह-जगह गंदगी बजबजा रही है। कई संसाधनों की कमी के कारण मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है, लेकिन सहायक प्रबंधक के अस्पताल न पहुंचने के कारण व्यवस्थाएं गड़बड़ा गई है। कहा जा रहा है कि अभी वे मेडिकल अवकाश पर है, लेकिन अवकाश के पहले भी वे नियमित रूप से जिला अस्पताल में आकर अपने दायित्वों का निर्वाहन नहीं कर रहे हैं, जबकि सहायक प्रबंधक को राज्य शासन ने सिविल सर्जन के बाद सबसे अधिक अधिकार दे रखे हैं। इसके बावजूद उनका लगातार गायब रहना जिला अस्पताल में मरीजों को होने वाली असुविधा के लिए जिम्मेदार कहा जा सकता है। इससे पहले भी उनके अस्पताल में नहीं आने का मामला सामने आया था, लेकिन संबंधित अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। मामले की शिकायत अब स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को सबूत के साथ किए।

#### इनका कहना है

*सहायक प्रबंधक की नियुक्ति राज्य शासन ने की है। उनका कार्यक्षेत्र पूरा जिला अस्पताल है। अभी वे मेडिकल अवकाश पर है, लेकिन नियमित रूप से नहीं आने की शिकायत मिलती है तो वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराएंगे।*

**-डॉ अशोक बारंगा,**
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल बैतूल

---

### रायआमला के बीच नाले पर हुआ था हादसा

# पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने ढूंढा बाढ़ में बहे युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बुधवार की रात में रायआमला एवं मीरापुर के बीच रपटे पर बाढ़ में बहे युवक के शव को थाना साईं खेड़ा एवं एसडीआरएफ की संयुक्त टीम द्वारा लगभग 16 घंटे सर्च एवं कड़ी मशक्कत के बाद घटनास्थल से 7-8 किमी दूर ढूंढा है। बुधवार को सुबह करीब 10 बजे दिनेश पिता गयादीन लोहारे 35 पोहर थाना मुलताई बाजार करने ग्राम बिरूल बाजार अपने दोस्त संतोष पिता नामदेव सोलंकी 34 ग्राम बलेगांव थाना सांईखेड़ा के साथ उसकी मोटरसाइकिल से गया था दिनभर तेज बारिश हुई थी शाम के समय करीब 07.30 बजे अपने साथी संतोष के साथ मोटरसाइकिल से लौट रहा था मीरापुर एवं रायआमला के बीच नाले पर बने रपटे के ऊपर पानी का तेज बहाव था पानी के तेज बहाव को नजरअंदाज करते हुए मोटरसाइकिल को रपटे से निकालते समय तेज बहाव के कारण दोनों मोटरसाइकिल सहित बह गये संतोष को तैरना आता था जो तैरकर नाले से निकल गया था लेकिन दिनेश लोहारे को तैरना नही आता था जिस कारण पानी के तेज बहाव में नाले के पानी में बह गया । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी साईखेडा निरीक्षक मुकेश ठाकुर, एसडीआरएफ टीम प्रभारी प्लाटून कमांडर सुनीता पंद्रे एव एसडीआरएफ वालंटियर की सराहनीय भूमिका रही ।



#### बाढ़ में बहे मछुआरे का मिला शव

रानीपुर पुलिस ने बताया कि शिवप्रसाद उर्फ लल्लू पिता शंकर कहार उम्र 54 बुधवार शाम को घर से निकला था। वह मछली पकडने के लिए गया था। वापस नहीं आने पर उसके परिवार वालों ने गुरुवार सुबह तलाश शुरू की गई तो उसका शव चोपना के पास स्टाप डेम में मिला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस पहुंची और मर्ग कायम कर शव डेम से निकलवाकर पीएम के लिए भेजा था। पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है। एसडीईआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची थी लेकिन उसके पहले ही शव मिल गया था।

---

### आज तवा टू खदान पर होगी चौपाल

# एचएमएस यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष कर्मचारी से करेंगे संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा के तवा टू खदान पर एचएमएस यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष एवं जेबीसीसीआई सदस्य शिवकुमार यादव के भूमिगत खदानों में काम करने वाले कर्मचारियों से सीधे संवाद करेंगे। एचएमएस यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि कामगारों से सीधे संवाद करने के उद्देश्य से एचएमएस यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष यादव शुक्रवार को पाथाखेड़ा आएंगे। तवा टू खदान में 3:30 बजे चौपाल लगाकर भूमिगत खदान में काम करने वाले कर्मचारियों को कौन-कौन सी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है उसका समाधान कैसे किया जा सकता है कम समय में ज्यादा उत्पादन किया जाने को लेकर प्रबंधन कर्मचारियों से किस तरह काम करवा रहा है, सुरक्षा के नियमों का प्रबंध कोयला खनन करते समय पालन कर रही है या नहीं इन गंभीर विषय को लेकर संवाद करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने संपूर्ण भूमिगत खदान में काम करने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों से तवा टू खदान प्रांगण में पहुंचकर चौपाल कार्यक्रम में शामिल होकर समस्या का समाधान और समस्या का निराकरण करने पर अपने सुझाव देने का कहा है।

### जिले में अब तक 205 एमएम बारिश हुई

**सीहोर।** जिले में एक जून से अब तक 205.3 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 243.1 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से आज तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 250.9, मिलीमीटर, श्यामपुर में 266.5, आष्टा में 187, जावर में 164.3, इछावर में 384.5, भैरूंदा में 128, बुधनी में 117 तथा रेहटी में 144.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। नेत्र संक्रमण से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी : लोगों में नेत्र संक्रमण तेजी से फैल रहा है। नेत्र संक्रमण की रोकथाम करना अति आवश्यक है। नेत्र संक्रमण से बचने के लिए अपनी आंखों को छूने से पहले हाथ आवश्यक रूप से धोएं।

---

# भूटान खेलने जाने वाले लाठी खिलाड़ियों की व्यापारी संगठन कैट ने की आर्थिक मदद

### राष्ट्रीय स्तर पर भूटान जाने के लिए चयन हुआ था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



अगर किसी चीज को शिद्दत से चाहो, तो पूरी कायनात तुम्हे उससे मिलाने में लग जाती है। ईश्वर भी उनकी सहायता किसी न किसी माध्यम से करवा ही देता है कुछ ऐसा ही हुआ है, बैतूल के चुन्नीढाना की लाठी खिलाड़ी चार बेटियों के साथ। बैतूल की लाठी खिलाड़ी लड़कियां आर्थिक हालातों के चलते प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से परेशान थी।

जिनका राष्ट्रीय स्तर पर भूटान जाने के लिए चयन तो हो गया, किंतु भूटान जाने के लिए आर्थिक समस्या मुंह बायें खड़ी थी। जब अखबारों में प्रकाशित समाचारों से कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स बैतूल (कैट) के ग्रुप को जानकारी हुई तो उन्होंने तत्काल संगठन के सदस्यों के सहयोग से 14,251 रुपए की आर्थिक मदद लाठी खिलाडियों को उनके निवास पर जाकर उपलब्ध कराई। व्यापारी संगठन कैट के प्रचार सचिव राजेश मदान ने बताया कि लाठी खिलाडयिों का बैतूल के कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के व्यापारी संगठन के सदस्यों ने आर्थिक मदद के साथ बेटियों का हौसला बढ़ाते हुए विश्वास जताया कि वे विश्व भर में भारत के साथ बैतूल जिले का भी नाम रोशन करेगी और भविष्य में भी यदि किसी भी प्रकार के सहयोग की आवश्यकता होगी, तो बैतूल का व्यापारी संगठन हमेशा तत्परता से तैयार रहेगा। आर्थिक सहयोग की राशि सौंपते समय कैट के जिलाध्यक्ष मनोज भार्गव, सचिव दीपक खुराना, कोषाध्यक्ष मनोज मेहता, औषधि व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनजीत सिंह साहनी, व्यवसाई संजय मिराणी सहित अन्य कई व्यापारीगण मौजूद थे।

---

### ग्रामीणों की मांग को दो वर्षों से कोई नहीं सुन रहा

# खेड़ीकोर्ट हायर सेकंडरी स्कूल की बिल्डिंग जर्जर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ग्राम खेड़ीकोर्ट हायर सेकंडरी स्कूल की बिल्डिंग हुई जर्जर ग्रामीणों द्वारा पिछले 2 वर्ष से किया जा रहा है शिक्षा विभाग के अधिकारियों से निवेदन की स्कूल की स्थिति बहुत अधिक जर्जर हो चुकी है पूर्व में कलेक्टरद्वारा भी दिया गया था आश्वासन आज दिनांक तक भी नहीं किया गया निराकरण हायर सेकेंडरी स्कूल में 9 वी से 12वीं तक होता है संचालन जिसमें विषय वार 14 कक्षा की आवश्यकता होती है प्राचार्य द्वारा बताया गया है कि हमारे पास सिर्फ पांच कमरों की व्यवस्था है हमे 15 कमरों की आवश्यकता है अभी 5 कमरों में संचालन किया जा रहा है स्कूल ऐसा रहा तो बच्चे किस प्रकार से अपनी पढ़ाई पूरी करके अपना उज्जवल भविष्य बनाएंगे शिक्षा विभाग का इस ओर कोई ध्यान नहीं है शासन क्या कर रहा है कुछ पता नहीं क्षतिग्रस्त कमरों में कक्षाएं संचालित की जा रही है।

भविष्य में कोई दुर्घटना होती है तो इसका जवाबदारी कौन होगा शासन प्रशासन प्राचार्य पालक या छात्रा स्वयं क्या शिक्षा विभाग की भी तभी आंख खुलती है जब कक्षाएं संचालित करने का समय आता है आखिर क्या होगा उन छात्रों का भविष्य जो ऐसी शालाओं में अपनी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं कौन है उनके भविष्य का जिम्मेदार जब भी शिक्षक विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया जाता है तो उनके द्वारा कहा जाता है की जानकारी विभाग को भेजी जा रही है आज शिक्षा विभाग के सक्षम बारमाटे ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जिन्होंने हायर सेकेंडरी स्कूल खेड़ीकोर्ट का आज निरीक्षण किया और प्राचार्य को आदेशित किया की जर्जर भवन को पूर्णतया बंद किया जाए एवं उधर छात्रों का आना-जाना रोक दिया जाए एवं शीघ्र ही स्कूल के संचालन के लिए कार्यवाही की जाए।

---

### बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे

# जिले के कई ब्लाकों में हुई झमाझम बारिश, इससे फसलों को होगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिले में मानसून की झमाझम बारिश होने लगी है। बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। फसलों को भी फायदा होने लगा है। पिछले 24 घंटे में घोड़ाडोंगरी में 3 इंच और चिचोली में 2 इंच बारिश दर्ज की है। इन दो ब्लॉकों के अलावा अन्य ब्लॉकों में भी झमाझम बारिश होने के समाचार मिले है। अगले 24 घंटे के दौरान जिले में फिर बारिश होने की संभावना जताई है।

जानकारी के मुताबिक बुधवार शाम और रात में बैतूल जिले के कई ब्लॉकों में तेज बारिश हुई है। बारिश के कारण घोड़ाडोंगरी क्षेत्र में कई छोटे-बड़े नदी, नालों में पहली बार बाढ़ आई है। बाढ़ के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ा है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार से गुरूवार सुबह 8 बजे तक बैतूल में 1.2, घोड़ाडोंगरी 72.2, चिचोली 50.0, शाहपुर 33.0 मुलताई 16.2, प्रभातपट्टन 4.0, आमला 12.0, आठनेर 43.3 मिमी बारिश दर्ज की है। अब तक जिले में औसत बारिश का आंकड़ा 223.8 मिमी पर पहुंच चुका है। हालांकि इस वर्ष पिछले वर्ष की अपेक्षा कम बारिश हुई है। गत वर्ष अब तक 231.5 मिमी बारिश हो चुकी थी।

#### जल स्त्रोत भी होने लगे रिचार्ज

*जिले में अच्छी बारिश होने के बाद जल स्त्रोत भी तेजी से रिचार्ज होने लगे है। गर्मी में जो जल स्त्रोत सूख गए थे जिन जलस्त्रोतों का जलस्तर बहुत नीचे चला गया था। ऐसे जल स्त्रोत अब रिचार्ज होने लगे है। जल स्त्रोतों के अलावा जलाशय और कुंओं में भी अब पानी भरने लगा है। इसी तरह झमाझम बारिश होते रही तो जल्द ही जिले में बारिश का कोटा पूरा हो जाएगा और जल स्त्रोतों में भी पर्याप्त पानी आएगा। पिछले वर्ष अच्छी बारिश होने से जलाशय भी लबालब हो गए थे। इस वर्ष भी अच्छी बारिश होने और जलाशय में पर्याप्त पानी आने की संभावना है।*

---

# ऑयल बॉल से ठहरे हुए पानी में पनपने वाला लार्वा होगा नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



अब डेंगू, मलेरिया की रोकथाम के लिए ऑयल बॉल बनाकर रुके पानी में डालने का अभियान चलेगा। जानकारी के अनुसार 16 जुलाई को सम्पूर्ण जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जिले के समस्त शासकीय विभाग समन्वित रूप से अपने अपने क्षेत्रों में टीम बनाकर ऑयल बॉल डालेंगे।

यह कार्य सुबह 10 बजे से 11 तक किया जाएगा। इस गतिविधि के छोटे-छोटे वीडियो बनाकर स्थानीय ग्रुपों में शेयर करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान के 10 दिवस बाद उसी प्रकार फिर ऑयल बॉल उसी स्थान पर डाली जाएगी। इससे ठहरे हुए पानी में पनपने वाला लार्वा नष्ट होगा। इस ऑयल बॉल को पेयजल स्त्रोतों व बहते हुए पानी में नहीं डाला जाए। बताया गया है की आरा मशीन कारपेंटर की शॉप से लकड़ी का बुरादा एकत्र कर, पुरानी चादर या घर के फटे हुए काटन के कपडे.से बॉल का निर्माण कर गाड़ी के जले हुए तेल में डुबा कर ठहरे हुए पानी में डालना है। यह सस्ती व सुलभ विधि है। इस बॉल के तेल की परत ठहरे हुए पानी की सतह पर जम जाती हैं, जिससे मलेरिया एवं डेंगू के एनाफिलीस एवं एडीस मच्छर के लार्वा ऑक्सीजन न मिलने के कारण पानी के अन्दर ही नष्ट हो जाते हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायतों को 100 बॉल व शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड को 50 बॉल निर्माण के निर्देश दिए गए हैं।

---

### जिला पंचायत के सभाकक्ष में स्थाई शिक्षा समिति में उठा मुद्दा

# हाईस्कूल व हायर सेकंडरी स्कूलों में शिक्षकों की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



स्थाई शिक्षा समिति की बैठक बुधवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी शालाओं में विषयवार रिक्त शिक्षकों की कमी होने पर अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था किए जाने पर चर्चा की गई। इसके अलावा स्कूल चले हम अभियान, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं वितरण अभियान की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर स्थाई शिक्षा समिति के अध्यक्ष व जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल सिंह कुशवाह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग शिल्पा जैन सहित बीआरसी एवं सभी विकासखंड के शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कुशवाह ने बताया कि विगत वर्ष 2023-24 में कक्षा 6वीं के 2 हजार 801 विद्यार्थी एवं कक्षा 9वीं के 7732 विद्यार्थियों को निरूशुल्क साइकिल वितरित की गई। शासकीय माध्यमिक, हाईस्कूल, उच्चतर माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थी जो 2 किमी या अधिक दूरी से आते हैं तथा जहां शाला संचालित नहीं होती है, ऐसे पात्र विद्यार्थियों को निरूशुल्क साइकिल वितरित की गई। बैठक में शाला में मध्यान्ह भोजन, गणवेश वितरण पर भी चर्चा की गई।

#### परिणाम एवं शिक्षा गुणवत्ता पर चर्चा

*जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि वर्तमान सत्र 2023-24 में कक्षा 10वीं का 59.83 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं का 64.38 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष कक्षा 12वीं 16.46 प्रतिशत एवं कक्षा 10वीं में 1.86 प्रतिशत वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि जिले में शिक्षा विभाग अंतर्गत 40 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाली शालाओं के 4 हायर सेकेण्डरी प्राचार्य एवं 10 हाईस्कूल प्राचार्य को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया था।*

#### विशेष कक्षाओं का संचालन

*कक्षा 12वीं एवं 10वी में इस वर्ष प्रवेशित विद्यार्थियों के गत वर्ष कक्षा 9वीं एवं 11वीं के विषयवार प्राप्तांक के विश्लेषण के आधार पर छात्रों का विषयवार समूह बनाकर न्यून परीक्षा परिणाम वाले छात्रों के लिये विशेष कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कुशवाह ने बताया कि शाला संचालन हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी निर्देश जारी किए गए हैं। सभी शिक्षक प्रात 10 से 5 बजे तक शाला में उपस्थित होंगे। कक्षा संचालन का समय प्रात 10.30 से 4.30 तक रहेगा। प्रात 10.30 के पूर्व एवं 4.30 के पश्चात शिक्षक अपना गैर शैक्षणिक कार्य पूर्ण करेंगे।*

#### लगातार होगी मॉनिटरिंग

*शिक्षकों की उपस्थिति के संबंध में भी सत्र के आरंभ से ही जिला प्रशासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रत्येक शिक्षक शाला समय के आधे घंटे पूर्व एवं शाला समय के आधे घंटे बाद तक शाला में उपस्थित रहेंगे। स्कूल में बच्चों की उपस्थिति अधिक से अधिक रखे जाने हेतु उनके पालकों से संपर्क किया जा रहा है। इस हेतु एमएमडीसी के साथ बैठक पालकों से चर्चा की, जो बच्चे शाला में उपस्थित हो उन बच्चों की शाला में उपस्थिति के साथ ही 9वीं कक्षा के बच्चों का ब्रिजकोर्स इत्यादि अभिलेख भी संधारित किया जा रहा है।*

## नर्मदापुरम संभागायुक्त ने अफसरों की बैठक में दिए निर्देश

# अधिकारी कर्मचारी समय से पूर्व ऑफिस आएं और नागरिकों से सद्व्यवहार करें: आयुक्त

संभागायुक्त ने जिपं सभाकक्ष में आयोजित अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिये कि वे कार्यलयीन समय से कुछ समय पूर्व ही कार्यलिय पहुँचे और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की भी समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने गुरूवार को हरदा के जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिये कि वे कार्यालयीन समय से कुछ समय पूर्व ही कार्यालय पहुँचे और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की भी समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी जनसेवक हैं, अतः नागरिकों से अच्छा व्यवहार रखें और उनके आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही कर समय पर सेवाएं प्रदान करें। उन्होने कहा कि जैसे व्यवहार की हम दूसरों से उम्मीद करते है, वैसा ही सम्मानजनक व्यवहार कार्यालय आने वाले आवेदकों से करें। बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह भी उपस्थित थे। कमिश्नर तिवारी ने बैठक में सभी अधिकारियों से चर्चा कर विभागीय योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह को निर्देश दिये कि शासकीय अस्पतालों में डॉक्टर्स व पैरामेडिकल स्टाफ समय पर उपस्थित रहें और अस्पताल आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध करायें। उन्होने कहा कि डॉक्टर्स व पैरामेडिकल स्टाफ मरीजों से अच्छा व्यवहार करें, यह सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर तिवारी ने सभी शासकीय कार्यालयों में थम्ब इम्प्रेशन मशीन लगवाकर अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये।

कमिश्नर तिवारी ने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित खण्ड स्तरीय समितियों की नियमित रूप से बैठक लें। उन्होने बैठक में बाढ़ एवं अतिवर्षा से निपटने के लिये जिले में की गई तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होने हाल ही में 1 जुलाई से लागू नये कानूनों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये राजस्व व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में उन्होने आगामी कृषि मौसम में खाद व बीज की उपलब्धता की भी समीक्षा की। कमिश्नर तिवारी ने सहायक संचालक उद्यानिकी से कहा कि जिले में मूंग उत्पादक किसानों को समझाइश देकर और उद्यानिकी फसलों के लाभ के बारे में बताकर उन्हें उद्यानिकी फसल उत्पादन के लिये प्रेरित करें। उन्होंने परिवहन अधिकारी को स्कूल बसों की नियमित रूप से चेकिंग करने के संबंध में निर्देश दिये।

### स्कूलों का नियमित रूप से हो निरीक्षण

कमिश्नर तिवारी ने बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक और जनशिक्षक अपने-अपने क्षेत्र के सरकारी स्कूलों का निरीक्षण नियमित रूप से करें, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होने बैठक में छात्रवृत्ति वितरण, निःशुल्क पुस्तक वितरण, निःशुल्क साइकिल वितरण की प्रगति की समीक्षा भी की।

### सीएम हेल्पलाइन में रेंक सुधारें अधिकारी

कमिश्नर तिवारी ने निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज शिकायतों का सभी अधिकारी तत्परता से निराकरण करें। निराकरण से पूर्व आवेदक से चर्चा करें और उसकी संतुष्टि उपरान्त ही पोर्टल पर शिकायत का निराकरण दर्ज कराएं। उन्होने सभी अधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग और रेंक में अपने विभाग की स्थिति सुधारें।

### अधिकाधिक पौधरोपण कराएं

सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से 'एक पौधा माँ के नाम' कार्यक्रम प्रारंभ किया है। इस कार्यक्रम के तहत सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय परिसर में पौधरोपण करें और अधिकाधिक नागरिकों को भी पौधरोपण के लिये प्रेरित करें। कमिश्नर तिवारी ने बैठक में कहा कि पौधरोपण के बाद उसकी फोटो वायुदूत एप पर पोस्ट अवश्य करें। कलेक्टर सिंह ने इस दौरान बताया कि जिले में लगभग 12 लाख पौधे इस अभियान के तहत लगाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। वन विभाग लगभग 6 लाख से अधिक पौधे लगवाएगा।

# पटवारी संघ ने दिया ज्ञापन, वेतन मद में आईएफएमएस पर बजट प्रदान किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



प्रांतीय पटवारी संघ के आवाहन पर ब्लॉक इकाई के पटवारी संघ के पदाधिकारी और सदस्यों ने प्रमुख सचिव एवं आयुक्त भू अभिलेख एवं बंदोबस्त के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सोप हड़ताल अवधि का वेतन देने की मांग की है। पटवारी संगठन ने ज्ञापन में लिखा है कि 28 अगस्त 23 से 29 सितंबर 23 तक अपनी न्याय उचित मांगों को पूरा किए जाने के लिए हड़ताल की थी उपरोक्त हड़ताल मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद वापस ली गई थी उक्त समय अवधि का संपूर्ण मध्य प्रदेश के पटवारी को वेतन प्राप्त नहीं हुआ है अतः वेतन प्रदाय किए जाने के आदेश प्रसारित किए जाएं।

वेतन मद में आई एफ एम एस से प्रदान किया जाना था किंतु पिछले 6 माह उक्त मद में बजट नहीं होने से प्रदेश के पटवारियो को या तो वेतन काटकर प्रदान किया जा रहा है या उक्त बजट आने की प्रत्याशा में वेतन को होल्ड किया जा रहा है जिससे समय पर वेतन न मिलने से पटवारियो को दैनिक खर्चे में परेशानी हो रही है। ज्ञात हुआ है की माह अप्रैल 2024 से प्राप्त होने वाले वेतन को भी या तो होल्ड किया है या वेतन में उक्त भत्ता काटकर प्रदान किया गया। अधिकारियों द्वारा बताया गया ग्लोबल मद में बजट नहीं होने से पूरा वेतन प्रदान किया जाना संभव नहीं है पटवारी संघ ने समस्याओं के निराकरण की मांग की है।

### एसडीएम को हटाया जाए

कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर पिपरिया एसडीएम को हटाने की मांग की है पटवारी संघ ने ज्ञापन में लिखा है कि विगत दिवस पटवारी साथी प्रवीण मेहरा को मानसिक प्रताड़ना से हृदयघात हुआ उनकी मृत्यु हो गई समस्त पटवारियो को आघात पहुंचा है पिपरिया एसडीएम को वहां से हटाया जाए हटाने के पश्चात ही जांच कराई जाए ज्ञापन पर तहसील इकाई के पटवारी के हस्ताक्षर है।

## कैंसर से बचाव हेतु टीकाकरण कार्यक्रम शुरू




**नर्मदापुरम।** देश में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के लगातार बढ़ रहे प्रकरणों को ध्यान में रखते हुए सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। हरदा में संभागायुक्त केजी तिवारी की उपस्थिति में अन्नापुरा स्कूल में छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया गया। कलेक्टर आदित्य सिंह व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचपी सिंह भी इस अवसर पर मौजूद थे। कमिश्नर तिवारी ने इस अवसर पर छात्राओं को इस टीकाकरण के महत्व के बारे में बताया। उन्होने छात्राओं को समझाया कि महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पेपीलोमा वायरस के संक्रमण के कारण होता है। यदि सही समय पर इस रोग का उपचार किया जाए तो इस रोग से प्रभावित महिलाओं की जान बचाई जा सकती है।

# तकनीकी कारणों से नहीं हो सकी खरीदी केंद्रों पर मूंग खरीदी अन्नदाता हो रहे हैं परेशान

## सुबह से ही आ पहुंचे थे खरीदी केंद्र पर, प्रबंधक बोले नहीं चल रह पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद



नगर के महालक्ष्मी वेयरहाउस जिसमें सेवा सहकारी समिति नवल गांव के माध्यम से वर्ष 2024-25 ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदी की जा रही है सुबह से ही किसानों के ट्रैक्टर ट्राली मूंग खरीदी केंद्र के बाहर दर्जनों की संख्या में देखे गए किसानों से जानकारी लेने पर पता चला कि गुरुवार सुबह से ही मूंग खरीदी नहीं की गई है। इस संबंध में मूंग खरीदी करने वाली सहकारी समिति के प्रबंधक रघुवीर ठाकुर से पूछने पर उन्होंने बताया कि तकनीकी कारणो ऊपर से ही पोर्टल बंद होने के कारण बिलिंग नहीं हो पा रही है। इसलिए आज मूंग खरीदी नहीं की गई।

शुक्रवार सुबह पोर्टल खुलने पर मूंग खरीदी की जावेगी। वहीं खरीदी नहीं होने से किसानों को काफी परेशानी हुई।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 80 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

**पिपरिया।** जनपद पंचायत के द्वारा 15 जुलाई को दोपहर 11:00 से कृषि उपज मंडी परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शाखा प्रभारी मधु तिवारी हरिशंकर मेहरा ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 80 युवक युवतियों ने पंजीयन कराया है जिसमें 80 जोड़े एक साथ परिणय सूत्र में बंधेंगे शासन के निर्देश अनुसार 49 हजार रूपए वधु के खाते में विवाह विधि संपन्न होने पर भेजे जाते हैं। विदित हो कि शासन द्वारा गरीब बेटियों के विवाह के लिए योजना संचालित है।

# मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न, अखाड़ों में नहीं होगा धारदार हथियारों का प्रदर्शन, नहीं तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



मातमी त्योहार मोहर्रम को लेकर थाना परिसर मे शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे ताजियो के प्रस्तावित मार्ग, करबला पर लाइट, साफ सफाई, ताजिया स्थल जयस्तम्भ चौक पर व्यवस्था को लेकर नगरपालिका को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिम्मेदारी सोंपी गयी। ताज़ीयेदारो ने बताया कि इस वर्ष 9 ताजिये निकाले जायेगे। जिनके सामने जयस्तम्भ चौक पर रात मे कव्वाली का आयोजन किया जा रहा है। ताज़ियादारों ने बताया कि 17 तारीख को रात मे सभी ताजिये जयस्तम्भ चौक पर एकत्रित होंगे। जहा ताजियो के साथ अखाडो मे युवाओ द्वारा अपनी अपनी कलाओ का प्रदर्शन किया जाएगा। जयस्तम्भ चौक पर ताजियो के सामने कव्वाली का आयोजन किया जाएगा। जेल रोड पर नीचे आ रहे बिजली के तारो को बिजली विभाग द्वारा ऊपर कराया जाए। 18 तारीख को सुबह ताजियो को निर्धारित सड़क से करबला पर ले जाकर विसर्जित किया जाएगा। एस डी ओ पी राजू रजक ने कहा कि अखाड़ो के प्रदर्शन मे धारदार हथियारों पर और आग वाले प्रदर्शनो पर प्रतिबंध रहेगा। पूरा प्रशासन आपको सहयोग करेगा। लेकिन किसी भी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नही की जायेगी। ऐसे लोगो पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। बैठक मे एस डी एम सरोजसिंह परिहार, जनपद सी ई ओ श्रुति चौधरी, थाना प्रभारी उषा मराबी, नपा राजस्व उप निरीक्षक अमरसिंह उइके, सलीम भाई, मुस्ताक भाई, राजा शाह, उस्मान खान, फिरोज शाह, आदिल शाह, नाना भाई, कन्हैया कौशल, विजेंद्र गुर्जर, विजय राठौर, सुरेश सूर्यवंशी, राज क्षत्रिय सहित गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे।

## प्रतिभा योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**नर्मदापुरम।** प्रतिभा प्रोत्साहन योजनांतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के बालक/बालिकाओं को जेईई के माध्यम से एनआईटी में नीट के माध्यम से शासकीय मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेने पर राशि रूपये 25000 तथा जेईई के माध्यम से आईआईटी में नीट के माध्यम से एम्स में, एनडीए में एवं क्लेट के माध्यम से एन.एल.आई.यू में प्रवेश प्राप्त करने पर राशि रूपये 50000 प्रदान की जाती है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस योजनांतर्गत एमपीटॉस पोर्टल के माध्यम से प्रतिभा योजना के विकेन्द्रीकृत किया गया है। विद्यार्थियों की प्रोत्साहन राशि का वितरण जिला स्तर से किया जायेगा।

# संकल्प फाउंडेशन ने युवाओं में आत्मविश्वास जगाया: सांसद

## सेवा निवृत्त सैनिक द्वारा गठित संकल्प फांउडेशन के कार्यक्रम के अवसर पर पहुंचे सांसद दर्शन सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में सेवानिवृत्ति सैनिक के द्वारा संकल्प फाउंडेशन का गठन किया गया जिसमें सैकड़ो की तादात में सेवानिवृत्ति सैनिक एकत्रित हुए हैं उनके द्वारा संकल्प फाउंडेशन के माध्यम से निशुल्क फिजिकल ट्रेनिंग के द्वारा बेरोजगार युवाओं को आत्मविश्वास लगाते हुए देश के लिए तैयार किया जा रहा है।

जिसमें प्रधानमंत्री हेलीपैड ग्राउंड में दौड़ एवं भी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य आयोजक संकल्प फाउंडेशन के निरंजन वैष्णव एवं समस्त सेवा निवृत सैनिक रहे जिनके द्वारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद दर्शन सिंह चौधरी विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव जायसवाल नरसिंह रावत एवं नीति राज सिंह पटेल पवन वालिया दिनेश पटेल डॉक्टर निष्ठा नागर ललिता पुरबिया सहित तमाम जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया बच्चा बच्चों को 1600 मीटर दौड़ लगाई गई जिनमें तीन बेटियों के द्वारा भी स्वेच्छा से दौड़ में भाग लिया गया इन बेटियों को अलग से प्रोत्साहित किया गया सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान कर श्रीफल के साथ संकल्प फाउंडेशन के सभी लोगों के द्वारा किया गया मां सरस्वती की पूजन के अर्चन के पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ सर्वप्रथम की दौड़ में नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल के द्वारा हरी झंडी दिखाकर दौड का प्रारंभ किया तथा दूसरे दौड़ में सांसद दर्शन सिंह चौधरी बलराम सिंह हरिशंकर जायसवाल आदि तमाम अतिथियों के द्वारा हरिजनदी दिखाकर दाऊद की शुरुआत कराई गई जिसमें लगभग 10 जिलों की प्रतिभाएं शामिल हुई।

# पेड़ हमारी धरोहर है इनका संरक्षण हमारा कर्तव्य है : न्यायाधीश तबस्सुम खान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



इंसान ने अपनी उपयोगिता के लिए जंगल नष्ट कर दिये है। जिसके कारण पर्यावरण असंतुलित हो गया है। पर्यावरण को संतुलित करने आने वाले कल मे जीवन को बचाने के लिए पेड़ो का होना आवश्यक है। तब ही धरती पर जीवन जिया जा सकेगा। उक्त बात जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तबस्सुम खान ने स्थानीय थाना परिसर मे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम के अवसर पर कही। न्यायाधीश श्रीमती तबस्सुम खान ने कहा कि पेड़ बचे रहेंगे तो ही धरती पर जीवन सुरक्षित रहेगा। लगातार जंगलो के काटे जाने से प्रकृति असंतुलित हो गयी है। पेड़ ना होने से ग्लोबल बार्मिंग बढ़ती जा रही है। जिसके कारण तरह तरह की बीमारियां धरती पर बढ़ती जा रही है। जिसको सुधारने का सबसे बड़ा हल अधिक से अधिक पेड़ो को लगाकर उन्हे संरक्षण प्रदान करना है। स्थानीय थाना परिसर मे आयोजित *एक पेड माँ के नाम कार्यक्रम मे तहसील के समस्त अधिकारियों सहित थाना स्टाफ ने 101 छायादार और फलदार पेड़ो को रोपित किया। इस अवसर पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तबस्सुम खान, न्यायाधीश साहंगी दुग्गल, न्यायाधीश सु सरोज डेहरिया, एस डी एम सरोजसिंह परिहार, एस डी ओ पी राजू रजक, जनपद सोईओ श्रुति चौधरी, नगर निरीक्षक उषा मराबी सहित उपस्थित सभी अधिकारीयो, पुलिसकर्मीयो अधिवक्ताओं और नागरिको पेड़ों के संरक्षण की शपथ दिलाई ।

## कृषकों के खेतों में नवीन तकनीक

# पेडी राइस ट्रान्सप्लांटर का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर



जिले में हाईटेक पेडी राईस ट्रान्सप्लांटर मशीन से कृषकों के खेतों में नवीन तकनीक का प्रदर्शन किया जा रहा है। सहायक कृषि यंत्री पवारखेड़ा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कृषि अभियांत्रिकी यानमार कम्पनी के साथ सामंजस्य कर हाईटेक पेडी राईस ट्रांसप्लांटर मशीन द्वारा कृषकों के खेतों में धान रोपाई प्रदर्शन किया जा रहा है। कृषि अभियांत्रिकी / कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कम्पनी के इंजीनियर की उपस्थिति में कृषकों को उपरोक्त मशीन की तकनीकि जानकारी दी जा रही है। जिससे प्रोत्साहित होकर कृषक मशीन अनुदान पर खरीदकर अपने खेतों में रोपाई कार्य कर रहे है। उक्त मशीन द्वारा 7 से 8 एकड़ की रोपाई एक दिन में की जा सकती है तथा एक घंटे में 2 लीटर डीजल की खपत होती है, परम्परगत पद्धति से मजदूरों द्वारा हाथ से रोपाई कार्य की तुलना में मशीन द्वारा रोपाई करने पर लागत 60 से 70 प्रतिशत कम हो जाती है। कृषक श्री रामकृष्ण गौर ग्राम-हिरनखेड़ा वि.ख. सिवनीमालवा द्वारा मशीन क्रय उपरांत 80 एकड़ में मशीन से रोपाई कार्य किया जा रहा है एवं ग्राम-भमेंड़ के कृषक कमलेश रघुवंशी ने मशीन क्रय उपरांत 30 एकड़ में धान रोपाई किया जा रहा है।

## सर्पदंश का इलाज कराएं नागरिक

**नर्मदापुरम।** वर्षा ऋतु मे जलभराव के कारण जीव जंतु एवं सर्पदंश के मरीजो की संख्या बढ़ जाती है, कोई जीवजंतु अथवा सर्पदंश से प्रभावित हो जाए तो उसका उपचार अपने स्तर से झाड फूक या अन्य किसी विधि से न करें, मरीज का उपचार नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में करावें।

## चार्टर्ड अकाउंटेड बनी बिटिया तो मनाया गया महोत्सव



**पिपरिया।** जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ पंचायत समन्वयक अधिकारी आर एल सिंह की बिटिया नेहा सिंह के अनुसार उन्नत वित्तीय प्रबंधन उन्नत लेखा परीक्षा आश्वासन और व्यावसायिक नैतिकता के परीक्षा परिणाम में 176 अंक प्राप्त किया जिसमे सीए, विनियम 1988 के अंतर्गत को दर्शाया गया है कि 50 विशेष प्रत्येक पेपर में न्यूनतम 50% अंकों की शर्त के साथ पेपर में स्थाई परीक्षा को दर्शाता है राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में परिणाम जारी करने के समय बताया गया कि इंटरनेट के माध्यम से उनके प्रसारण एवं उपयोगकर्ता द्वारा मुद्रण के परिणाम स्वरूप बिटिया के द्वारा परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किए गए जिसमें इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया आईसीएआई भवन दिल्ली के द्वारा परिणाम की घोषणा की गई जिसमें बिटिया ने अच्छे अंक हासिल करते हुए उन्नति प्राप्त की। के लिए नगर ग्राम एवं सभी ग्राम पंचायत तथा जनपद पंचायत के सभी शुभचिंतकों के द्वारा बिटिया एवं उसके परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। आपको बता दें की पिपरिया से तीन युवक युवतियों का सीए चार्टर्ड अकाउंटेंट में चयन हुआ है।‸ इसमें नेहा सिंह ने अपना प्रथम स्थान पाया है।

**CHANGE OF NAME**

I, Service No. 9513899P, Rank- Hav,Name- Ashok Arishinapudi residing at Havanagi Plott, VTC, Savanur, Post- Savanur, Sub Dist- Savanur, Dist.- Haveri, State Karntaka, Pin- 581118. do hereby declare that I have change my Son's name from SAMARTH to SAMARTH ARISHINAPUDI Vide affidavit before the Sanjay K Ledwani Notary Public & Advocate at Pachmarhi, Madhya Pradesh Dated 10.07.2024

**CHANGE OF NAME**

I, Service No. 9513899P, Rank- Hav,Name- Ashok Arishinapudi residing at Havanagi Plott, VTC, Savanur, Post- Savanur, Sub Dist- Savanur, Dist.- Haveri, State Karntaka, Pin- 581118. do hereby declare that I have change my daughter's name from SAANVITHA to SAANVITHA ARISHINAPUDI Vide affidavit before the Sanjay K Ledwani Notary Public & Advocate at Pachmarhi, Madhya Pradesh Dated 10.07.2024

**CHANGE OF NAME**

I, Service No. 9513899P, Rank- Hav, Name- Ashok Arishinapudi residing at Havanagi Plott, VTC, Savanur, Post- Savanur, Sub Dist- Savanur, Dist.- Haveri, State Karntaka, Pin- 581118. do hereby declare that I have change my father's name from PARASAPPA to PARASAPPA ARISHINAPUDI Vide affidavit before the Sanjay K Ledwani Notary Public & Advocate at Pachmarhi, Madhya Pradesh Dated 10.07.2024

**CHANGE OF NAME**

I, Goli Indira wife of Service No. JC-806175A, Rank- Nb/Sub, Name- Seshagiri Rao Y residing at Vill, Post & Teh - Vinukonda, Dist.- Guntur, State- Andhra Pradesh, Pin-522647. do hereby declare that I have change my name from INDIRA Y to GOLI INDIRA Vide affidavit before the Sanjay K Ledwani Notary Public & Advocate at Pachmarhi, Madhya Pradesh Dated 10.07.2024

**CHANGE OF NAME**

I, Service No.- JC-805953N, Rank- Sub, Name- Sankara Rao Gedela residing at Vill- M Burajavalasa, Post- Mettavalasa, Teh. Bobbili, Dist.- Vizianagaram, State- Andhra Pradesh. do hereby declare that I have change my daughter's name from SAADHANA to SAADHANA GEDELA Vide affidavit before the Sanjay K Ledwani Notary Public & Advocata at Pachmarhi, Madhya Pradesh. Dated 10.07.2024

## खबर संक्षेप

### मंत्री कृष्णा गौर आज हरदा आएंगी

**हरदा।** मप्र शासन के पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की राज्य मंत्री कृष्णा गौर 12 जुलाई को हरदा आएंगी। प्रातः 9 बजे कार द्वारा भोपाल से हरदा के लिये प्रस्थान करेंगी तथा दोपहर 12 बजे हरदा सर्किट हाउस पहुंचेंगी। श्रीमती गौर दोपहर 1 बजे प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगी।

### जिला पंचायत परिसर में आम का पौधा लगाया

**हरदा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत संभागायुक्त केजी तिवारी ने जिला पंचायत परिसर में आम का पौधा लगाया। इस अवसर पर कलेक्टर आदित्य सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। कलेक्टर ने इस दौरान बताया कि जिले में लगभग 12 लाख पौधे इस अभियान के तहत लगाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक जिले में लगभग 1.60 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं।

### 24 घंटों में सिराली में 32 मिमी वर्षा हुई

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 6.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में सिराली में 32 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 187 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 213.2 मिमी, टिमरनी में 145 मिमी, खिरकिया में 136 मिमी, रहटगांव में 230.2 मिमी व सिराली में 210.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 11 जुलाई तक 176.2 मिमी औसत वर्षा हो चुकी थी।

### कार की टक्कर से पति पत्नी और 2 बच्चे घायल

**हरदा।** जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र की करताना चौकी के पास गुरुवार को कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार पति-पत्नी और उनके दो मासूम बच्चे घायल हो गए, जिन्हें करताना चौकी पुलिस उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है। करण पिता मंजू गोंड भांजे की शादी में शामिल होने गाड़ामोड़ जा रहा था। उसके साथ पत्नी शिवकली, बेटा सौरभ (3) एवं बेटी भगवती (2) भी साथ में थे। बाइक को करताना के पास कार चालक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें पत्नी शिवकली को कमर एवं हाथों में गंभीर चोट आई है, जबकि तीन साल के बेटे सौरभ को चेहरे एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोट लगी है। घायल करण पिता मंजू गोंड निवासी ग्राम ढोढरामोड़ तहसील मुलताई जिला बैतूल ने बताया कि वह करीब सात आठ सालों से आदमपुर के किसान के यहां मजदूरी करता है।

### महेंद्र पंचायत सचिव संगठन के अध्यक्ष बने

**झिरन्या।** मध्य प्रदेश पंचायत सचिव संगठन की ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष पद पर महेंद्र तिरोले का मनोनयन ध्वनि मत से किया गया। इसके बाद उपस्थित सचिवों ने उनका पुष्पहारों से स्वागत किया। अपरवेदा परियोजना स्थल पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता संगठन के संभागीय अध्यक्ष राजेश कुशवाह ने की। इस मौके पर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।

### विद्याकुंज में पेरेंट्स के लिए सेमिनार

**खंडवा।** विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में ट्रैफिक डीएसपी आनंद सोनी द्वारा आयोजित सेमिनार में पेरेंट्स को बच्चों के सुरक्षित परिवहन के महत्व पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा, स्टूडेंट्स के परिवहन के लिए स्कूल बसें ही सबसे सुरक्षित माध्यम हैं, जिनमें सबसे कम जोखिम होता है। पेरेंट्स को अपने बच्चों के लिए स्कूल बस को ही प्राथमिकता देनी चाहिए और विकल्प न होने की स्थिति में ही ऑटो रिक्शा का उपयोग करना चाहिए। यह पहला मौका था जब ट्रैफिक सुधार के लिए पेरेंट्स से सीधे बातचीत की पहल की गई। कार्यक्रम के दौरान, सभी स्कूल बसों की मौके पर जांच की गई और उन्हें ग्रीन कार्ड जारी किया गया। ट्रैफिक इंस्पेक्टर सौरभ कुशवाह ने पेरेंट्स को बताया कि तीन पहियों का ऑटो रिक्शा सबसे असुरक्षित है और इसे विकल्प न होने पर ही इस्तेमाल करें। कार्यक्रम में विद्याकुंज के डायरेक्टर जय नागड़ा ने कहा कि सुरक्षित परिवहन व्यवस्था के लिए पेरेंट्स और स्टूडेंट्स का सहयोग आवश्यक है।

---

### विधायक सोलंकी ने की सर्वे दल गठित करने मांग की

# 6411 हेक्टर कृषि भूमि में नहीं हुई बुआई सूखे में बोने से हालात अधिक बिगड़े

*आभापुरी में त्रस्त किसान ने खेत में चला दिया रोटावेटर, 10 क्विंटल सोयाबीन बीज नहीं हुआ था अंकुरित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

बारिश के इस मौसम में भी खेतों के कंठ प्यासे हैं और आसमान की ओर देखते देखते अन्नादाताओं की आंखें पथरा गई हैं। उनके खेत अभी भी खाली हैं और उन्हें बोवनी का इंतजार है। वहीं बुआई हो चुके खेतों में भी बीजों का शत प्रतिशत अंकुरण नहीं हुआ है। क्षेत्र में प्रस्तावित खरीफ रकबा 41198 हेक्टर में से 6411 हेक्टर कृषि भूमि में बुआई शेष है। जिसमें सर्वाधिक प्रभावित आभापुरी और साका के आसपास के करीब एक दर्जन गांव हैं। वहां एक किसान ने सोयाबीन बीज अंकुरित नहीं पर करीब 25 से 30 एकड़ खेत पर रोटावेटर चला दिया।

वैसे ही अन्नदाता पिछले तीन वर्षों से अल्प वर्षा, अतिवृष्टि और आंधी तूफ़ान से उबरे नहीं हैं। इन हालातों में सफेद सोने का कटोरा कहे जाने यहां के किसानों का कपास की फसल से मोह भंग हुआ है। पिछले वर्ष कपास का रकबा 11512 हेक्टर था और इस वर्ष 512 हेक्टर कम हो गया। अब इतना ही रकबा मक्का का बढ़ गया है। बहरहाल, वर्षा की बेरुखी यह है कि एक जून से 11 जुलाई तक 102 मिमी और वर्षा हुई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि में 83.22 मिमी ही बारिश हुई थी। यहां औसत वार्षिक वर्षा 871.60 मिमी होती है।





#### बीज अंकुरण नहीं तो चला दिया रोटावेटर

आभापुरी के किसान राजेंद्रसिंह गौड़ की पीड़ा यह थी कि मंगलवार शाम को उनके गांव में बारिश हुई थी, परन्तु गांव की सीमा से शिवना के मध्य एक बूंद पानी नहीं गिरा। जबकि जामर्दा और टिगरिया क्षेत्र में पानी गिरने से पास के नाले में बाढ़ आ गई और वहां भी बुआई शुरू हो गई। इसलिए जल्दी बारिश की उम्मीद उसने छोड़ दी है। इसलिए उसने बुधवार को सुबह करीब 25 से 30 एकड़ खेत में रोटावेटर चलाकर उसे भी नष्ट कर दिया, जिसमें 10 क्विंटल सोयाबीन बीज बोया था।

#### सूखे में कर दी बुआई, बढ़ी परेशानी

कई गांवों में किसानों ने सूखे में ही बुआई कर दी, लेकिन इन्द्रदेव रूठे हुए हैं। जबकि बीजों का अंकुरण नहीं होने से वे मुसीबतों से घिर गए हैं। वहीं दूसरी ओर उनके साथ बुआई कर चुके कई किसान खुशनसीब भी हैं, जिनके बीजों का कुछ देरी से अंकुरण हो गया। जहां सर्वाधिक हालात बिगड़े हैं, इनमें प्रमुख हैं ग्राम साका, बागदरी, लायखेडी, बेढान्या, खोई, मुरम्या, आवलिया, आभापुरी, टिगरिया, जामर्दा आदि। इन गांवों की करीब 4500 भूमि में करीब 50 प्रतिशत रकबे में कहीं आंशिक तो कहीं अधिक फसलें प्रभावित हुई हैं।

#### कृषि अधिकारी ने की पीड़ितों से चर्चा

*कृषि विकास विस्तार अधिकारी ने कई प्रभावित गांवों के खेतों का निरीक्षण कर पीड़ित किसानों से चर्चा की। इनमें ग्राम बागदरी के आदिवासी समुदाय के चार भाइयों में रमेश शंभू, खाज्या, डरावर, तुरकिया, बजरिया पिता चंदरिया ने उन्हें बताया कि उन्होंने अभी बोवनी नहीं की है। जबकि आभापुरी के संजयसिंह भूरेसिंह, हरेसिंह भंवरसिंह दरबार और हरिकुंवरबाई मोहनसिंह साका ने खेतों में बुआई तो की है, लेकिन उनके आधे खेतों में सोयाबीन, मक्का आदि के बीज अंकुरित नहीं हुए हैं। उन्होंने किसान राजेंद्रसिंह गौड़ को दोबारा बोवनी के लिए निशुल्क सोयाबीन बीज देने की बात कही है।*

#### इनका कहना है...

खरीफ रकबा 41198 हेक्टर में से 6411 हेक्टर में बुवाई नहीं हुई है। लेकिन तीन दिन पूर्व कुछ स्थानों पर पानी गिरने से बोवनी का रकबा बढ़ेगा और इसके बाद बारिश नहीं हुई है।

**बीएल डावर,**
प्रभारी कृषि विभाग झिरन्या

निरंतर प्राकृतिक आपदा झेल रहे इस अंचल में फिर सूखे के हालात बन रहे हैं। प्रशासन शीघ्र ही एक दल से सर्वे कराए और किसानों को निशुल्क बीज देने के साथ ही जो भी संभव हो, राहत दी जानी चाहिए।

**झूमा सोलंकी,**
विधायक भीकनगांव

---

### बच्चों ने मार्ग की मरम्मत के लिए की मांग

## छैगांवमाखन से पोखरकलां मार्ग पर गड्ढों की भरमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा को खरगोन जिले से जोड़ने वाला छैगांवमाखन से पोखरकलां मार्ग पर गड्ढों की भरमार है। बेहतर सड़कों के दावे धराशायी होते नजर आ रहे हैं, और इसका सबसे बड़ा असर यहां के बच्चों पर पड़ रहा है।

सीएम राइज स्कूल के बच्चों को लेकर जब नई और चमचमाती सरकारी बस इस मार्ग से गुजरी तो वो भी हिचकोले खाती नजर आई। बच्चों को स्कूल पहुंचने के लिए रोजाना इस खतरनाक मार्ग से गुजरना पड़ता है, जहां सड़क की स्थिति बेहद खराब है। गड्ढों से भरी इस सड़क पर सफर करना बच्चों के लिए किसी खतरे से कम नहीं है। यह स्थिति न केवल उनके शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि उनकी शिक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। सड़क की इस बदतर स्थिति को देखते हुए सीएम राइज स्कूली बच्चों ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि इस मार्ग की तुरंत मरम्मत करवाई जाए, ताकि सभी बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और स्कूली बच्चों को सुगम और सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिल सके। इस के क्षेत्र आस पास के रहवासियों ने बच्चों के भविष्य और उनकी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव से इस मुद्दे पर तुरंत ध्यान देना का आग्रह किया हैं उन्होंने ने बताया कि इस मार्ग से प्रति दिन हजारों किसानो के वाहन गुजरते हुए मुश्किलों का सामना करना पड़ता तथा इस मार्ग पर गायत्री परिवार की बड़ी गौ शाला है, जहां नवंबर दिसंबर में यज्ञ होने जा रहा जिसमें 24 हजार कन्याओं का बड़ा कार्यक्रम होने जा रहा है।




#### इनका कहना है

अभी अधिक बारिश के कारण सड़को बड़े बड़े गड्डे हो गए। कलेक्टर द्वारा पीडब्ल्यूडी विभाग से इस संबंध में मीटिंग की गई जल्द ही जल्द ही सड़को के गड्डे भरा जाएंगे।

**केआर बडोले,**
अपर कलेक्टर खंडवा

---

### जयस को आतंकवादी संगठन कहने पर भड़के

## आदिवासियों ने भीम आर्मी के साथ मिलकर किया विरोध प्रदर्शन



**बुरहानपुर।** जयस संगठन को आतंकवादी संगठन कहने पर जिलेभर में बवाल मचा हुआ है। दरअसल करीब 15 दिन पहले खकनार क्षेत्र में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ था। जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष निलेश सातारकर ने शेखापुर तहसील खकनार में अतिक्रमण हटाए जाने की बात को लेकर मंच से अपनी बात रखी थी। जिसमें वह जयस को आतंकवादी संगठन कह गए। इसका जयस के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश मुजाल्दा ने भी विरोध किया है। गुरूवार को बड़ी संख्या में आदिवासी समाजजन, जयस संगठन के पदाधिकारी एसपी कार्यालय पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। खकनार, धुलकोट और नेपानगर में भी ज्ञापन सौंपे गए।

---

## करोली घाट पर महाराष्ट्र में फर्टिलाइजर की दुकान संचालित करने वाली महिला से जेवर लूटने की वारदात करने वाले आरोपी धराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

शाहपुर थाने के तहत आने वाले करोली घाट पर ड्रायवर की कनपटी पर पिस्टल रखकर महाराष्ट्र में फर्टिलाइजर की दुकान संचालित करने वाली महिला से जेवर लूटने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने बुलढाणा महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सोने का मंगलसूत्र, वारदात में उपयोग की गई पिस्टल भी बरामद की गई है।

गुरूवार दोपहर 3.30 बजे आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसपी ने देवेंद्र पाटीदार ने बताया ग्राम करोली घाट पर 02 जुलाई 24 को अनुपमा पति संतोष गुड़गिल्ला सारस्वत 54 निवासी वरवट बकाल तहसील संग्रामपुर जिला बुलढाणा के साथ जेवर लूटने की वारदात हुई थी। महिला अपनी फर्टिलाइजर की दुकान के लिए बीज का पार्सल लेकर बड़वाह से अपनी कार वेगनार के ड्रायवर गजानन वानेरे के साथ वापस घर लौट रही थी



तभी करोली घाट जलगांव, जामोद रोड पर रात करीब 9.50 बजे अज्ञात बदमाश मुंह पर काला कपड़ा बांधे मोटर साइकिल से आए और कार के सामने मोटर साइकिल अड़ाकर ड्रायवर गजानन की कनपट्टी पर पिस्टल लगा दी। अनुपमा के गले से ड्रायवर साइड से ही सोने की चेन पुरानी इस्तमाली वजनी 4.5 तोला 45 ग्राम कीमती 36000 रुपए, गले में पहना सोने का मंगल सूत्र पुराना इस्तमाली वजनी 3.5 तोला 35 ग्राम कीमती 88000 रुपए कुल वजनी 08 तोला 80 ग्राम कीमती 1.24 लाख रुपए गले से खींचकर तोड़कर ले गए थे। शाहपुर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज किया था।

#### आरोपियों से पिस्टल और जेवर जब्त

एसपी देवेन्द्र पाटीदार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, एसडीओपी नेपानगर निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन में अखिलेश मिश्रा थाना प्रभारी थाना शाहपुर ने टीम गठित की। मुख्य आरोपी प्रशांत रावनकर निवासी हिंगलवाडी थाना संग्रामपुर जिला बुलढाणा महाराष्ट्र को हिरासत में लिया। आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा लूट की घटना को साजिश के तहत अंजाम देना बताया। आरोपी द्वारा लूट की घटना में शामिल साथी अमोल पिता जीवनसिंह सोलंकी निवासी निवाना थाना संग्रामपुर जिला बुलढाणा महाराष्ट्र, दत्ता पिता शंकर लोने निवासी अकोली थाना संग्रामपुर जिला बुलढाणा महाराष्ट्र, अविनाश पिता हरीभाऊ झोपे निवासी अकोली थाना संग्रामपुर जिला बुलढाणा महाराष्ट्र के साथ घटना को अंजाम देने की बात कही। विवेचना के दौरान आरोपियों से लूट किए गए माल को जब्त किया गया। आरोपी प्रशांत से एक सोने का मंगलसूत्र वजनी 35 ग्राम जब्त किया गया। आरोपी अविनाश झोपे से घटना में इस्तेमाल किया गया देशी पिस्टल जब्त किया गया। सोने की चेन और घटना में उपयोग की गई बाइक भी जब्त की जाएगी। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

---

## जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन का धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

जनसंख्या समाधान फाउन्डेशन द्वारा देशभर में धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिला मुख्यालय जिला मुख्यालय खंडवा में भी जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की अध्यक्ष चारुलता यादव एवं कार्यकर्ताओ के नेतृत्व में खंडवा जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया तथा जनसंख्या विस्फोट एवं जनसांख्यिकीय असंतुलन जैसी भीषण समस्या से उत्पन्न हो रहे संभावित गृहयुद्ध के खतरे को रोकने के के लिए खंडवा एडीएम काशीराम बडोले को प्रधानमंत्रीके नाम ज्ञापन सौंपा। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि गुरुवार सुबह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय में धरना प्रदर्शन के साथ ही बड़ी संख्या में फाउंडेशन के कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष चारुलता यादव ने कहां की अंधाधुंध संतानोत्पत्ति करने की प्रवृत्ति पर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर अंकुश लगाने में एक.एक पल की देरी भारत और भारतीय संस्कृति के लिए पूर्व की भांति ही विघटनकारी साबित हो सकती है। भारत जनसंख्या असंतुलन के कारण हुए विघटन के दंश का प्रत्यक्ष भुक्तभोगी है, परन्तु पूर्व की सरकारों की विभाजन के तुरन्त बाद से जारी तुष्टिकरण की नीति के चलते अब फिर से वैसी ही परिस्थितियां निर्मित होती दिखाई दे रही हैं। जिला संयोजक अधिवक्ता सुनीता रेवारी ने बताया कि विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच जनसंख्या का अनुपात वर्तमान अनुपात के अनुसार बनाए रखने के उद्देश्य से जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग की जा रही है।

---

## घर-घर पहुंच रही आशा कार्यकर्ताएं, जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

11 जुलाई को स्वास्थ्य विभाग ने विश्व जनसंख्या दिवस मनाया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया, तो वहीं आशा कार्यकर्ताएं घर घर पहुंच रही है। महिलाओं को नसबंदी ऑपरेशन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। परिवार नियोजन के महत्व को समझाने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रचार प्रसार कर रहा है। इसके तहत 11 जुलाई से 11 अगस्त जनसंख्या स्थिरता माह मनाया जाएगा। जिला स्वास्थ्य अधिध्कारी डॉ. एडीएस फुंकवाल ने बताया गर्भनिरोधक के नए साधन अंतरा इंजेक्शन और छाया नामक गोली का उपयोग कर लंबे समय तक महिला गर्भवती होने से बच सकती है। गांवों में स्वास्थ्य अधिकारी दंपत्तियों को परिवार नियोजन के लिए परामर्श देंगे। इसका बाकायदा रिकार्ड रखा जाएगा। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंकनार, शाहपुर के अलावा जिले के सभी ग्रामीण हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में आमजन को बुलाकर प्रशिक्षण दिया गया। सिविल सर्जन डॉ. प्रदीप मोजेस ने बताया 13 जुलाई को जिला अस्पताल में नसबंदी शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रेरित किए गए हितग्राहियों के यहां ऑपरेशन होंगे।

---

### जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में निर्देश दिए

## अधिकारी-कर्मचारी समय से पूर्व ऑफिस आएं और नागरिकों से सद्व्यवहार करें: संभागायुक्त तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

नर्मदापुरम संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने गुरूवार को हरदा के जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिये कि वे कार्यालयीन समय से कुछ समय पूर्व ही कार्यालय पहुँचे और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की भी समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी जनसेवक हैं, अतः नागरिकों से अच्छा व्यवहार रखें और उनके आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही कर समय पर सेवाएं प्रदान करें। उन्होने कहा कि जैसे व्यवहार की हम दूसरों से उम्मीद करते है, वैसा ही सम्मानजनक व्यवहार कार्यालय आने वाले आवेदकों से करें। बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह भी उपस्थित थे। कमिश्नर ने बैठक में सभी अधिकारियों से चर्चा कर विभागीय योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह को निर्देश दिये कि शासकीय अस्पतालों में डॉक्टर्स व पैरामेडिकल स्टाफ समय पर उपस्थित रहें और अस्पताल आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध करायें। उन्होने कहा कि डॉक्टर्स व पैरामेडिकल स्टाफ मरीजों से अच्छा व्यवहार करें, यह सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने सभी शासकीय कार्यालयों में थम्ब इम्प्रेशन मशीन लगवाकर अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये।



कमिश्नर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित खण्ड स्तरीय समितियों की नियमित रूप से बैठक लें। उन्होने बैठक में बाढ़ एवं अतिवर्षा से निपटने के लिये जिले में की गई तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होने हाल ही में 1 जुलाई से लागू नये कानूनों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये राजस्व व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में उन्होने आगामी कृषि मौसम में खाद व बीज की उपलब्धता की भी समीक्षा की। कमिश्नर ने सहायक संचालक उद्यानिकी से कहा कि जिले में मूंग उत्पादक किसानों को समझाईश देकर और उद्यानिकी फसलों के लाभ के बारे में बताकर उन्हें उद्यानिकी फसल उत्पादन के लिये प्रेरित करें।

---

## '8 की जगह अब 12 क्विंटल प्रति हैक्टेयर होगी मूंग की खरीदी'



**हरदा।** जिले में किसानों द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन गुरुवार को समाप्त हो गया। किसानों की मांग थी कि 8 क्विंटल प्रति हैक्टेयर से मूंग खरीदी हो रही है। जबकि पैदावार 15 क्विंटल के करीब है। इसी को लेकर भारतीय किसान संघ पिछले 8 दिन से धरना प्रदर्शन कर रहा था। गुरुवार को मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मूंग की खरीदी सरकार 8 क्विंटल की जगह अब 12 क्विंटल प्रति हैक्टेयर करेगी। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय और कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिये कृत संकल्पित है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कृषि उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने के लिये निरन्तर प्रयास कर रहे है। कृषि उपज की खरीदी के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य में लगातार वृद्धि की जा रही है तथा पहले से अधिक फसलों का उपार्जन किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, कलेक्टर आदित्य सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा तथा भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिगण भी मौजूद थे। मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि हरदा जिले में मूंग का सर्वाधिक उत्पादन हो रहा है। उन्होने कहा कि भारतीय किसान संघ की मांगों पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विचार करते हुए किसानों के हित में 8 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की दर बढ़ाकर अब 12 क्विंटल प्रति हेक्टेयर दर से किसानों से मूंग खरीदी करने पर सहमति दी है। इसके साथ ही किसान की प्रतिदिन की मूंग खरीदी की लिमिट 25 क्विंटल से बढ़ाकर 40 क्विंटल करने पर भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सहमति व्यक्त की है।